कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 15-04-2024

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चुनाव ड्यूटी हेतु पुलिस बल को ब्रीफ कर किया गया रवाना।

आज दिनांक 15-04-2024 पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत चुनावों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस बल की रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में ब्रीफिंग कर रवाना किया गया। प्रथम चरण में जनपद रामपुर, द्वितीय चरण में जनपद अलीगढ़, तृतीय चरण में जनपद मैनपुरी व चतुर्थ चरण में जनपद उन्नाव को मतदान शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु कमिश्नरेट वाराणसी से पुलिस बल रवाना किया गया। पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा रवाना पुलिस बल की ब्रीफिंग में मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, जो निम्नवत है-

1. पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल, जिसमें उ0नि0 60, हे0का0 व का0 584 कुल- 644 पुलिसकर्मी को लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराये जाने हेतु चुनाव आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया।
2. पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि अपनी-अपनी ड्यूटी अनुशासन में रहकर निष्पक्षता के साथ करें। यदि किसी भी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी पर आरोप-प्रत्यारोप लगते है तो उनके विरूद्ध जांच कार्यवाही की जायेगी।
3. सहायक पुलिस आयुक्त अपराध श्री गौरव कुमार को चुनाव ड्यूटी हेतु प्रस्थान करने वाले समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण का प्रभारी नियुक्त किया गया

है, जो चुनाव के दौरान क्रमश: रामपुर, अलीगढ़, मैनपुरी एवं उन्नाव में विभिन्न चरणों में होने वाले चुनाव ड्यूटी सम्पादित करायेंगे।

4. चुनाव हेतु रवाना पुलिस बल को यह भी बताया गया कि चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी समस्या के सम्बन्ध में सहायक पुलिस आयुक्त अपराध श्री गौरव कुमार को अवगत करायेंगे, तदोपरान्त अपर पुलिस उपायुक्त यातायात/नोडल चुनाव श्री राजेश कुमार पाण्डेय को अवगत करायेंगे।

5. सभी पार्टियों के प्रभारियों के निर्देशित किया गया कि व्हाट्सएप ग्रुप बना लें जिससे आपस में कम्यूनिकेशन करना आसान रहेगा।

6. पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि चुनाव के लिए रवाना होने वाले सभी पुलिस कर्मियों के आवागमन हेतु वाहनों की व्यवस्था की गई है, सभी पुलिसकर्मी निर्धारित वाहनों (रोडवेज बस) का ही प्रयोग करें।

7. पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में प्रत्येक 100 पुलिस कर्मियों पर एक मेस की सुविधा भी दी गई है, जिससे पुलिस कर्मियों को भोजन सम्बन्धी समस्या न हो।

8. ड्यूटी में जाने वाले समस्त पुलिसकर्मियों को दवाईयों का किट उपलब्ध कराया गया है जिसमें वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक दवाईयां प्रदान की गयी है।

9. पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा सभी पुलिस कर्मियों को चुनाव ड्यूटी हेतु किट जिसमें फर्स्ट एड बाक्स, ओडोमॉस, पेय जल की बोतल, लंच पैकेट व अन्य जरुरी सामग्री प्रदान किया गया।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।

पुलिस कमिश्नरेट
उत्तर प्रदेश पुलिस
पुलिस लाईन्स, वाराणसी

पुलिस
उत्तर प्रदेश पुलिस
पुलिस लाईन्स,